[Reg. No. 141/98-99] Tel. 9798242235

(विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबद्ध)

# लोक शिक्षा समिति, बिहार

एम्बैसडर पैलेस, कलमबाग चौक, मुजफ्फरपुर-842002

E-mail– lokshiksha@gmail.com website– lokshikshasamiti.org

प्रांतीय पत्रक-10/5124 2079 विक्रमी दिनांक-02.02.2023

मान्यवर/मान्या,

सादर वन्दे!

**आशा स्महे नूतन हाय नागमे भद्राणि पश्यन्तु जनाः सुशान्ताः।**
**निरामया क्षोम विवर्णितास्सदा मुदा रमन्तां भगवत्कृपाश्रयाः।।**

**भावार्थ**– आप सबको और आपके परिवार को वसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएँ। मैं ईश्वर से आप सबके उज्जवल भविष्य और हमारे संबंधों में वृद्धि की कामना करते हैं।

आशा है आप सब स्वस्थ एवं सानंद होंगे। शीत के आतप के बाद वसंत पंचमी का आगमन, वसंत के स्वागत के साथ ही मौसम भी नवीनता की ओर अग्रसर है। हम सब भी विगत सत्र की समीक्षा एवं आगत की योजना में संलग्न होंगे। इसी के निमित्त कुछ करणीय कार्य आप सब के लिए प्रेषित है–

## विषयानुक्रम

**संपन्न कार्यक्रम**

1. परीक्षा विभाग टोली गठन
2. श्रीनिवास रामानुजन अयंगर जयंती
3. संस्कृति ज्ञान परीक्षा
4. NEP कार्यशाला
5. प्रांतीय प्रचार विभाग कार्यशाला
6. स्वामी विवेकानंद जयंती
7. प्रांतीय समिति पदाधिकारी सह स्वाबलंबी पूर्व छात्र सम्मेलन

**आगामी कार्यक्रम**

1. प्रधानाचार्य सम्मेलन
2. शिशु, बाल, किशोर, कन्या भारती एवं प्रमुख आचार्य कार्यशाला
3. संघ शिक्षा वर्ग प्रशिक्षित आचार्य बैठक

**अन्यान्य**

1. पूर्व छात्र पंजीयन
2. मासिक तलपट्ट
3. उपादान
4. साप्ताहिक मूल्यांकन
5. आचार्य कल्याण कोष
6. कर्मचारी भविष्य निधि
7. विद्या भारती संघ परिचय
8. अरुणोदय पत्रिका

## संपन्न कार्यक्रम

1. **परीक्षा विभाग टोली गठन :** दिनांक 29 नवंबर, 2022 को प्रदेश कार्यालय द्वारा परीक्षा विभाग हेतु 'परीक्षा विभाग टोली' का गठन किया गया। इन्हीं टोली के मार्गदर्शन में वार्षिक परीक्षा–2022–23 के प्रश्न पत्रों का निर्माण किया गया है। आगामी सत्रों में भी परीक्षा विभाग हेतु प्रश्न पत्रों का निर्माण इन्हीं 'परीक्षा विभाग टोली' के मार्गदर्शन में होगा।
2. **श्री निवास रामानुजन अयंगर जयंती :** दिनांक 22 दिसंबर, 2023 को महान गणितज्ञ श्री निवास रामानुजन अयंगर की जयंती सफलतापूर्वक संपन्न हो गयी। इस अवसर पर प्रत्येक विद्यालय में इनकी जयंती मनायी गई। इस हेतु विद्यालय स्तर पर गणित मेला, गणित प्रश्नमंच, भाषण, गणितीय प्रदर्श आदि का आयोजन हुआ।
3. **संस्कृति ज्ञान परीक्षा :** प्रत्येक विद्यालय में विद्यालय स्तर पर संस्कृति ज्ञान परीक्षा– प्रवेशिका, मध्यमा, उत्तमा एवं प्रज्ञा। यह आचार्य बंधु के लिए दिनांक 09 जनवरी, 2023 को आयोजित हुई तथा

भैया–बहनों हेतु प्रांतीय स्तर पर 28 जनवरी, 2023 को संपन्न हुई।

4. **NEP कार्यशाला :** राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के क्रियान्वयन हेतु प्रत्येक विभाग में (विभाग से लेकर संकुल स्तर पर) यह कार्यशाला संपन्न हो गई। जिन विभागों में यह कार्यशाला नहीं हुई है उसे फरवरी–2023 में पूर्ण कर लेना है।
5. **प्रांतीय प्रचार–प्रसार कार्यशाला :** यह कार्यशाला दिनांक 24 एवं 25 दिसंबर, 2022 को सरस्वती विद्या मंदिर, केशव नगर, सदातपुर, मुजफ्फरपुर में संपन्न हुई। जिसमें प्रांत के प्रचार प्रमुख, मार्गदर्शक एवं सभी विभाग के संकुल स्तर तक के प्रचार प्रमुख एवं सह प्रमुखों की सहभागिता रही।
6. **समिति अधिकारी सह स्वावलंबी पूर्व छात्र सम्मेलन :** विद्याभारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के मार्गदर्शन में बिहार प्रदेश स्तर पर श्रेणी A, B एवं चयनित C श्रेणी के समिति पदाधिकारी एवं विद्यालय स्तर पर स्वावलंबी पूर्व छात्र संयोजक, सह संयोजक एवं अन्य स्वावलंबी पूर्व छात्रों का दो दिवसीय सम्मेलन दिनांक 19 एवं 20 जनवरी, 2023 को केशव सरस्वती विद्या मंदिर, मरचा–मरची, पटना में आयोजित हुई। इसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सहकार्यवाह श्री कृष्ण गोपाल जी का मार्गदर्शन सभी को मिला। संख्यात्मक दृष्टि से भी निर्धारित लक्ष्य से अधिक की संख्या की सहभागिता रही। विद्यालय स्तर से विभाग स्तर पर भी पूर्व छात्रों के कार्यक्रम चलता रहे, ऐसी अपेक्षा है। अनुवर्ती प्रयास लगातार चलते रहना चाहिए।

## आगामी कार्यक्रम

1. **प्रांतीय प्रधानाचार्य सम्मेलन :** दिनांक–15 फरवरी से 18 फरवरी, 2023 तक सुंदरी देवी सरस्वती विद्या मंदिर, बटहा, रोसड़ा में आयोजित है। व्यवस्था शुल्क–रुपये 800 / – प्रति प्रतिभागी है। सम्मेलन की दृष्टि से पूर्ण तैयारी की अपेक्षा है। प्रथम दिवस अपराह्न भोजन पूर्व आगमन तथा अंतिम दिवस अपराह्न भोजनोपरांत अवकाश हो सकेगा। इससे संबंधित कुछ पत्रक संलग्न किया गया है। इन सभी पत्रक को पूर्णरूपेण भरकर प्रधानाचार्य सम्मेलन में लेकर आना अनिवार्य है।
2. **शिशु, बाल, किशोर, कन्या भारती एवं प्रमुख आचार्य कार्यशाला :**
दिनांक 26 से 28 मार्च, 2023 तक शिशु, बाल, किशोर, कन्या भारती तथा इसके प्रमुख आचार्य इस कार्यशाला में अपेक्षित हैं। स्थान–आचार्य प्रशिक्षण विद्यालय, विष्णुपुर, बघनगरी। शुल्क–600 / – प्रति प्रतिभागी है। आचार्य जी का शुल्क एवं मार्गव्यय विद्यालय से देय होगा।
3. **संघ शिक्षा वर्ग प्रशिक्षित आचार्य/महिला आचार्य बैठक :** दिनांक 25 एवं 26, फरवरी, 2023 को संघ शिक्षा वर्ग प्रशिक्षित आचार्यों की बैठक सरस्वती विद्या मंदिर, सदातपुर, मुजफ्फरपुर में होगी। व्यवस्था शुल्क–रुपये 400 / – प्रति प्रतिभागी। इस बैठक में संघ शिक्षा वर्ग प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष प्रशिक्षित आचार्य / महिला आचार्य अपेक्षित हैं। प्रथम दिवस अपराह्न भोजन पूर्व आगमन तथा अंतिम दिवस अपराह्न भोजनोपरांत अवकाश हो सकेगा। दण्डरहित गणवेश अपेक्षित है।

## अन्यान्य

1. **पूर्व छात्र पंजीयन :** पूर्व छात्र हमारी संपत्ति है। इनका संरक्षण आवश्यक है। इस हेतु पूर्व छात्रों का पंजीयन नियमित रूप से पोर्टल पर होता रहे और इनकी संख्या बढ़ती रहे, ऐसी अपेक्षा है। साथ ही पूर्व छात्र पंजी में इनकी जानकारी अंकित करते रहें। vidyabhartialumini.org/alumini/registar
2. **मासिक तलपट :** आर्थिक पारदर्शिता आवश्यक ही नही अनिवार्य भी है। इस निमित्त आय–व्यय विवरण पारदर्शी हो। मासिक तलपट बने एवं एक प्रति प्रांत को प्रेषित किया जाए। प्रांत द्वारा छपी प्रति के 1, 2, 3 को भरें।
3. **उपादान (ग्रेच्यूटी) :** सरकार की घोषणा के आलोक में लोक शिक्षा समिति, बिहार की कार्यकारिणी बैठक के निर्णयानुसार पूर्व से देय उपादान का अंशदान राशि 7% से बढ़ाकर 10% किया गया है, जो

जनवरी, 2023 से प्रभावी होगा। अतः अपने कार्यकर्ताओं के उपदान की राशि मूल एवं महँगाई के योग का 10% प्रदेश कार्यालय को प्रतिमाह जनवरी, 2023 से भेजने की व्यवस्था करें।

4. **साप्ताहिक मूल्यांकन :** सभी विद्यालय में कक्षा स्तर पर प्रत्येक विषय के विषयाचार्य 'साप्ताहिक मूल्यांकन परीक्षा' अनिवार्य रूप से करें, ताकि आचार्य/प्रधानाचार्य का भी मूल्यांकन किया जा सके।

5. **आचार्य कल्याण कोष :** विद्यालयों से प्राप्त कल्याण राशि हेतु आवेदन पत्र के जाँचोपरांत कुछ त्रुटियाँ पायी जाती हैं। यथा– आवेदक का अपने व्यय पत्रक को स्वयं अभिप्रमाणित नहीं करना। पुनः उस व्यय पत्रक को सचिव एवं प्रधानाचार्य (आचार्यों के लिए) तथा सचिव (प्रधानाचार्यों के लिए) द्वारा हस्ताक्षरित नहीं होना। नियमानुसार अमान्य व्यय पत्रक को संलग्न करना। व्यय की गई राशि की सूची नहीं बनाना। सहयोग राशि प्राप्ति हेतु बैंक के पास बुक की छाया प्रति संलग्न नहीं करना आदि इन सब त्रुटियों को दूर कर आवेदन प्रेषित किया जाए। इससे कार्य को गति मिलेगी।

6. **कर्मचारी भविष्यनिधि** (EPFO) **:** भविष्य निधि संगठन द्वारा तय की गई नियोक्ता अंशदान की अधिकतम राशि 15,000/– ही जमा किये जाने की सूचना पूर्व में भी दी गई है। विगत माह में उच्चतम न्यायालय का भी निर्णय आया है कि भविष्यनिधि अधिकतम 15,000/– ही तय होगी। विद्यालयों के निरीक्षणोपरांत पाया गया है कि अभी भी तय राशि से अधिक पर भविष्यनिधि की राशि जमा हो रही है। पुनः सूचित करना है कि पूर्व से जिनका भी समिति (नियोक्ता) अंश 15,000/– के ऊपर देय हो रहा है, उन्हें भी अधिकतम राशि 15,000/– पर ही देय होगी।

7. **विद्या भारती संघ परिचय :** विद्यालय स्तर पर वर्ष में 'विद्याभारती संघ परिचय' से संबंधित कार्यक्रम वर्ष में दो बार आयोजित कर परिचय का कार्यक्रम अनिवार्य रूप से हो, ऐसी अपेक्षा है।

8. **'अरुणोदय' पत्रिका :** प्रांत स्तर पर लोक शिक्षा समिति, बिहार द्वारा वार्षिक पत्रिका 'अरुणोदय' का प्रकाशन किया जाता है। जिससे भैया, बहन, आचार्य, पूर्व छात्र आदि की रचना धर्मिता का विकास हो सके। इसके निमित्त रचनाएँ समयानुसार प्रेषित किया जाए।

   सत्र 2022–23 की 'अरुणोदय' पत्रिका का विमोचन 23 अप्रैल, 2023 को सुभाष चन्द्र बोस जी की जयंती पर भारती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में सुसंपन्न हुआ। पत्रिका आप तक भेजी जा रही है। पत्रिका की बकाया राशि प्रांत को प्रेषित करें।

   **निर्देश–** कार्यक्रम के आयोजनों का सभी फोटो अपलोड नहीं करके, मंच का एक फोटो और मंच के सामने से लेकर (सभा का जिसमें सभी आ जाएँ) सिर्फ दो फोटो ही 'लोक संवाद' एप पर डालें।

   व्हाट्सएप से 'लोक संवाद' एप पर जब फोटो अपलोड करते हैं, फोटो अपलोड करते ही, फोटो के ठीक नीचे कैप्सन (Caption) लिखा होता है, उसी कैप्सन में कार्यक्रम का पूर्ण विवरण टाइप करें। इससे लाभ यह होगा कि जब भी हम फोटो डाउनलोड करेंगे तो उस फोटो के साथ कार्यक्रम का विवरण भी डाउनलोड हो जाएगा।

**यह पत्रक ई–मेल के माध्यम से भेजा जा रही है। प्रधानाचार्य जी इस पत्रक को कृपया अपने सचिव महोदय के अवलोकनार्थ व समिति बैठक में सूचनार्थ संप्रेषित करेंगे तथा अपने आचार्य बंधु–भगिनी को भी अवलोकन कराकर इसके क्रियान्वयन की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।**

**इसी विश्वास व मंगलकामनाओं के साथ–**

*भवदीय*

*(मुकेश नंदन)*
*प्रदेश सचिव*